ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-07-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-07-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-07-10	2024-07-11	2024-07-12	2024-07-13	2024-07-14
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	1.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	38.0	37.0	36.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	27.0	26.0	26.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	59	70	67	68
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	34	49	49	36
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	20	35	36	22	22
पवन दिशा (डिग्री)	247	228	216	220	216
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	6	7	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

जहां खेत में पर्याप्त नमी उपलब्ध हो वहां खरीफ फसलों की बुवाई करें। बुवाई से पहले बीजों को कवकनाशी और पी.एस.बी. कल्चर से उपचारित कर बुवाई करें।

लघु संदेश सलाहकार:

खरीफ फसलों की बुआई वर्षा को ध्यान में रखकर करनी चाहिए।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	किसान भाई बाजरा की उन्नत किस्मों एम.पी.एम.एच-17, राज-171, एच.एच.बी-67(इम्प्रूड), आर.एच.बी-177, एच.एच.बी-197 व आर.एच.बी-173 बुवाई करें । अन्तिम जुताई के समय 20 किलो नत्रजन व 20 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें। बुवाई के लिए चार किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग मे लें।
मूँग	मूँग की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों जी.एम.-4, जी.ए.एम.-5, जी.ए.एम.-6, आई.पी.एम.-02-03, एस.एम.एल-668, आर.एम.जी-344 तथा आर.एम.जी-268 की बुवाई करें ।बुवाई के लिए 15-20 किलो

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	बीज प्रति हैक्टेयर लें। 30-40 किलो फास्फोरस व 10-15 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के समय दें ।
ग्वारफली	ग्वार की उन्नत किस्मों जैसे आर.जी.सी.-936, आर.जी.सी-1033, एच.जी-2-20, आर.जी.सी-1038, आर.जी.सी-1031, आर.जी.सी-1017 व आर.जी.एम-112 की बुवाई करें ।
तिल	तिल की उन्नत किस्मों के बीज आर.टी-46, आर.टी-125, आर.टी-127, आर.टी-346 की बुवाई करें । बीज को ट्राइकोडर्मा विराइड 4 ग्राम या कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम + थायरम 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करना चाहिए।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	फलदार पौधें जैसे बेर, आंवला, गुन्दा आदि के पौधें लगाने के लिए उत्तम समय है।
मिर्च	मिर्च की रोपाई के लिए खेत तैयार कर तैयार पौधों की रोपाई करें। अन्तिम जुताई के समय 35 किलो नत्रजन 48 किलो फास्फोरस तथा 50 किलो पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से खेत में मिलाएं। रोपाई के समय कतार से कतार की दूरी 45 सेन्टीमीटर व पौधे से पौधे की दूरी 30 सेन्टीमीटर रखें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	मौसम में नमी की स्थिति के कारण पशु को शेड और साफ क्षेत्र में रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।